कोटा ग्रामीण पुलिस पेंडेंसी के मामलों में राज्य स्तर पर दूसरे स्थान पर रही

कोटा, (निसं)। कोटा ग्रामीण पुलिस ने अपनी कार्यशैली को लेकर राजस्थान स्तर पर अपनी सराहनीय छाप छोड़ी है। पेण्डेंसी के मामले में कोटा ग्रामीण पुलिस राज्य स्तर पर दूसरे तथा रेंज स्तर पर पहले नम्बर पर रही है।

कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने जानकारी देते हुए बताया कि कोटा ग्रामीण पुलिस की पेण्डेंसी वर्ष 2024 में 4.80 प्रतिशत रही है। वही जिले के परिवाद निस्तारण 96.36 प्रतिशत रहा। कोटा ग्रामीण पुलिस का सी.सी.टी.एन.एस. पर ऑनलाईन केस डायरी का इन्द्रराज शत-प्रतिशत रहा।

अवैध खनन पर होगी कार्यवाही:- कोटा ग्रामीण इलाकों में कोई भी अवैध खनन करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें, सूचना मिलते ही अवैध खनन करने वालों पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की जायेगी। कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में अवैध खनन या अवैध कार्य करने वालों को नही बख्शा जायेंगा उनके खिलाफ पुलिस तुरंत एक्शन लेगी।

कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने वर्ष 2024 में कोटा ग्रामीण पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के लिये की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी दी। कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा व छेड़छाड़ की घटनाओं को रोकने के लिये कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का शुभारंभ भी वर्ष 2024 में किया गया।

कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर वर्ष 2024 की उपलब्धियों की जानकारी दी।

ऑपरेशन वज्र प्रहार:- कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि जिला कोटा ग्रामीण पुलिस द्वारा सक्रिय अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही के लिये जिला स्तर पर पुलिस द्वारा विभिन्न अभियान चलाये गये। ऑपरेशन वज्र प्रहार व एरिया डॉमिनेशन के तहत् चलाये गये अभियान में विभिन्न मामलो में 1491 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

अवैध शराब व मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही:- कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि कोटा ग्रामीण इलाके में वर्ष 2024 में ग्रामीण पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 565 प्रकरण दर्ज किये जाकर 574 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। वही वर्ष 2024 मे अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 131 प्रकरण दर्ज किये जाकर 163 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वही वर्ष 2024 में अवैध हथियारों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 464 मामले दर्ज किये जाकर 467 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई।

ब्लाइंड मर्डर का खुलासा:- कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि कोटा ग्रामीण पुलिस द्वारा वर्ष 2024 में पांच ब्लांइड मर्डर के मामले दर्ज हुए थे। पांचों मामलों का पुलिस को खुलासा करने में सफलता मिली।

- अवैध खनन की सूचना पर तुरंत कार्यवाही होगी

मानव तस्करी विरोधी यूनिट:- कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि जिला कोटा ग्रामीण पुलिस की मानव तस्करी विरोधी यूनिट की टीम द्वारा वर्ष 2024 में 767 गुमशुदा बालक-बालिकाओं को दस्तयाब किया गया जिसमे से 19 इनामी गुमशुदा बालक-बालिकाएं थी। वही कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि कोटा ग्रामीण पुलिस ने वर्ष 2024 में लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए कोटा रेंज की 15 वारदातों का खुलासा किया गया।

वहीं ट्रेक्टर चोरी की वारदातों का भी खुलासा करते हुए आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि वर्ष 2024 में राजस्थान पुलिस का ध्येय आमजन में विश्वास अपराधियों में भय को सार्थक करने में कोटा ग्रामीण पुलिस सफल रही है।

सामाजिक कार्यकर्ता वंदना दुबे की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित

कोटा में सामाजिक कार्यकर्ता वंदना दुबे की पुण्यतिथि पर कई कार्यक्रम आयोजित हुए।

कोटा, (निसं)। सामाजिक कार्यकर्ता वंदना दुबे की पांचवी पुण्यतिथि के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता वंदना दुबे स्मृति सेवा समिति के कार्यकर्ताओं के द्वारा कोटा शहर व कोटा देहात मे कई कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए गए। सामाजिक कार्यकर्ता वंदना दुबे स्मृति सेवा समिति के संयोजक मनोज दुबे व वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर तुषार दुबे के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ ने सुबह गोशालाओ मे गायों को हरा चारा डाला व वृक्षारोपण किया। बच्चों को फल एव खाद्य सामग्री वितरित की। शहर मे विभिन्न स्थानो पर जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए गए। इसी के साथ-साथ समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा अन्य स्थानो पर भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से राकेश कुमावत, मंजू चौधरी, रजीया बानो, मो रफीक मामा,डा महेश पारीक, उमाशंकर नागर, तेजपाल सिंह भोला, शिवचरण शर्मा, भगवान गौतम, सुनील पटेल, आशिष मिश्रा, चन्द्रशेखर वातकी, लेखराम चौवदार, सुरेश कुमार वर्मा,कृष्ण मुरारी दुबे, सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

- जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए

दो छात्राओं का छात्रवृति योजना में चयन हुआ

छबड़ा (निसं)। बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ने चालू वित्तीय वर्ष में सामाजिक सरोकार के तहत बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए बैंक के सेवाक्षेत्र में सरकारी विद्यालयों में ग्यारहवीं कक्षा में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए छात्रवृत्ति योजना आरंभ की है।

छात्राओं का चयन उनके द्वारा दसवीं कक्षा में अर्जित अंकों के आधार पर किया जाएगा। बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक विषाल चौधरी ने बताया कि यहां की रीना कुषवाह व षीला बैरवा का छात्रवृति योजना में चयन हुआ हैं। बैंक के स्थापना दिवस के उपलक्ष में 5 जनवरी को होने वाले समारोह में छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। चयनित छात्राओं के बचत खातों में छात्रवृत्ति की पहली किश्त जुलाई से दिसम्बर छः माही की राशि 3000 रूपए ऑनलाइन मोड से जमा हो चुकी है तथा जनवरी से जून छः माही की दूसरी किश्त राशि 3000 रूपए इसी माह जनवरी 2025 के प्रथम सप्ताह में जमा होगी।

1500 लाभार्थियों को पोषण किट वितरित

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर कोटा-बूंदी में गर्भवती महिलाओं को उचित पोषण और स्वास्थ्य सुरक्षा के उद्देश्य से संचालित सुपोषित मां अभियान के तीसरे चरण का शुक्रवार को शुभारम्भ होगा। दोपहर 12 बजे छप्पन भोग परिसर से स्पीकर बिरला व उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी इस पहल की शुरुआत करेगी। इस अभियान के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा कोटा-बून्दी संसदीय क्षेत्र में अभावग्रस्त परिवारों की 1500 गर्भवती महिलाओं को चिन्हित किया गया है, जिन्हें कार्यक्रम में पोषण किट उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके साथ ही, उन्हें प्रसव तक प्रतिमाह पोषण किट, चिकित्सकीय परामर्श, निःशुल्क दवाइयां और नियमित वैक्सिनेशन की सुविधा भी दी जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर नवीन पंजीकरण भी किए जाएंगे। गर्भावस्था में महिलाओं को आवश्यक पोषण व संतुलित आहार मिले, इसके लिए विशेषज्ञ डॉक्टर्स व न्यूट्रिशनिस्ट की सलाह पर गर्भवती महिलाओं के लिए 12.5 कि.ग्रा. की पोषण किट तैयार की गई है। उल्लेखनीय है की पिछले 5 वर्षों में इस अभियान के अंतर्गत को 15,000 से अधिक गर्भवती महिलाओं को 1 लाख से अधिक पोषण किट प्रदान की गई है। इस पहल के सकारात्मक परिणामस्वरूप गर्भवती महिलाओं में पोषण की कमी दूर हुई है, प्रसव में होने वाली जटिलताओं में कमी आई है, और स्वस्थ शिशुओं का जन्म हुआ है। कार्यक्रम में शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी, महापौर राजीव अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य भी मौजूद रहेंगे।

शांति धारीवाल ने अजमेर शरीफ दरगाह पर उर्स के लिए भेजी चादर को पेश किया

कोटा, (निसं)। मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधिमंडल को पूर्व यूडीएच मंत्री व कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल ने ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स के दौरान अजमेर शरीफ दरगाह पर चढ़ाऐं जाने के लिए चादर भेजी थी जिसे नववर्ष पर उप महापौर कोटा उत्तर सोनू कुरैशी के नेतृत्व में पेश किया गया।

राजस्थान हज कमेटी के सदस्य व उपमहापौर कोटा उत्तर सोनू कुरैशी ने बताया कि अजमेर स्थित ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती देश-दुनिया के करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र हैं, यहां मुस्लिम समाज के साथ-साथ हिंदू सहित अन्य धर्मों के लोग चादरपोशी करने पहुंचते हैं। दरगाह के सालाना उर्स के चलते शांति धारीवाल ने चादर पेश करने के लिए चादर अकिदतमंदों को सौंपी थी, जिसे पेश किया। सोनू कुरैशी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता और समाजसेवी कोटा से अजमेर शरीफ पहुंचे और शांति धारीवाल की ओर से भेंट की गई चादर को पेश किया और मुल्क में अमन चैन की दुआ की। इस दौरान धारीवाल ने अपने संदेश में कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पूरे विश्व में अमन-चैन, भाईचारा, भारत की गंगा-जमुना तहजीब और सूफी संत परंपरा का प्रतीक है। ख्वाजा साहब की दरगाह पर अपनी ओर से चादर भेजे जाने की बेहद खुशी हैं। मैं इस पावन अवसर पर ख्वाजा साहब से राजस्थान प्रदेश और देश की तरक्की और खुशहाली की कामना करता हूं। इस अवसर पर कई लोग उपस्थित रहे।

पश्चिम मध्य रेल

सिविल इंजीनियरिंग कोटा मण्डल

ई-निविदा सूचना – दिनांक: 30.12.2024

भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर(जी.स.यू.) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई.निविदा आमंत्रित करते है। **टेन्डर संख्या:** GSU-II-KOTA-06-2024, **कार्य का विवरण:** महिदपुर – प्रोविज़न ऑफ 1 एडिशनल लोडिंग लाइन, शिफ्टिंग ऑफ एक्सिस्टिंग गुड्स लाइन अबाउट 400 मीटर & डबल एक्सिस्ट।, **अनुमानित लागत:** 22749080.29, **बयाना राशि:** 263800.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 15.00 Hrs. On Date 17.01.2025. पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई. निविदा में तथा वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (जी.स.यू.), पश्चिम मध्य रेलवे, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय कोटा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

मण्डल इंजीनियर(जी.एस.यू), पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

प्राणघातक हमला, मामला दर्ज

छबड़ा (निसं)। पाली थाना क्षेत्र के सेमला गांव में एक व्यक्ति ने युवक पर प्राणघातक हमला कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी हैं। पाली थानाधिकारी दुर्गाषंकर गौतम के अनुसार सेमला निवासी जानकीलाल लोधा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया की उसका भतीजा गोलू पुत्र घनष्याम लोधा 31 दिसम्बर की षाम को खेत पर रखवाली कर रहा था तभी इसी गांव निवासी भंवरसिंह पुत्र किशन मीणा खेत पर आया और गोलू के घर गाली-गलौच कर मारपीट करने पर उतारू हो गया। मैने वहां से भागकर बचाव करने की कोषिष की तो भंवरसिंह ने मुझे रोककर लकड़ी से सिर पर वार कर दिया। जिससे सिर में गंभीर चोट आई।

चिकित्सा शिविर 18 से

छबड़ा (निसं)। श्री महानागेश्वर योग समिति के तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा षिविर का आयोजन 18 व 19 जनवरी को छबड़ा सीएचसी में किया जाएगा। जिसमें कोटा के चिकित्सक डॉ. सुधीर गुप्ता द्वारा आंखो की जांच व मोतियाबिंद से सम्बंधित ऑपरेषन किए जाएंगे।

हिस्ट्रीशीटर ने बीस साल से कर रखा था सरकारी जमीन पर कब्जा, केडीए ने हटाया

कोटा, (निसं)। शहर के रेलवे कॉलोनी थाना इलाके में हिस्ट्रीशीटर शानू उर्फ महमूद बेग द्वारा किए गए अतिक्रमण पर गुरुवार को कोटा डेवलपमेंट अथॉरिटी ने कार्यवाही करते हुए ध्वस्त कर दिया है। इस कार्रवाई में बड़ी तादाद में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। आने-जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया था।

पुलिस उपअधीक्षक के साथ कई थाने के सीआई और जाप्ते को भी इस कार्रवाई में लगाया गया था। एहतियातन भारी सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा ने बताया कि महमूद बेग के खिलाफ 15 मुकदमे दर्ज हैं जिनमें अवैध कब्जा, जुआ, सट्टा, तस्करी और एनडीपीएस के मामले शामिल हैं। कोटा विकास प्राधिकरण के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महावीर शर्मा ने बताया कि इस कार्रवाई के तहत करीब 10 दुकानों को तोड़ा गया जिन पर महमूद बेग ने लंबे समय से अतिक्रमण कर रखा था। इससे पहले नवंबर महीने में दुकान संचालित कर रहे लोगों और महमूद बेग को कोटा डेवलपमेंट अथॉरिटी ने नोटिस जारी किए थे। इसके बाद न्यायालय में सुनवाई के बाद दिसंबर महीने में बेदखली के आदेश दिए गए थे। उसके बाद दुकानों के सामान हटवाए गए थे और अब इस अतिक्रमण को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है। महमूद बेग ने रेलवे कॉलोनी इलाके में सरकारी जमीन पर 20 साल से कब्जा किया हुआ था और वहां बनी 10 से ज्यादा दुकानों का किराया वसूल कर रहा था जिससे उसे हजारों रुपए महीना की आय हो रही थी। महावीर शर्मा ने बताया कि इस मामले में हाईकोर्ट तक मामला पहुंचा था और वहां से महमूद बेग के खिलाफ फैसला हुआ था। इसके बाद केडीए ने कार्रवाई कर इस अतिक्रमण को ध्वस्त किया और जमीन को अपने कब्जे में लिया।

कोटा विकास प्राधिकरण ने हिस्ट्रीशीटर के कब्जे से सरकारी जमीन को मुक्त करवाया है।

- केडीए ने कार्रवाई कर इस अतिक्रमण को ध्वस्त किया और जमीन को अपने कब्जे में लिया
- हर महीने अतिक्रमण से हजारों रुपए कमा रहा था

कोटा-बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड

अकेलगढ़, रावतभाटा रोड़, कोटा (राज.)-324010, Customer Care/Help Line: 9829891599

QMS ISO 9001:2015 & FSMS ISO 22000:2018 Certified Dairy, Email: ktamu-rj@nic.in, kotadairy@yahoo.co.in

सन्दर्भ:KD/24-25/F.ACCTS/31670-677 **निविदा सूचना** दिनांक : 01.01.2025

कोटा दुग्ध संघ द्वारा बन्द लिफाफे में निर्धारित निविदा प्रपत्र में निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की गई है। जिसकी विस्तृत जानकारी http://eproc.rajasthan.gov.in पर organization RCDF-MD & department कोटा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड select कर एवं http://sppp.rajasthan.gov.in NIB Code search कर के देखी जा सकती है।

क्र.	निविदा का संक्षिप्त विवरण	निविदा सूचना		NIB Code NO. of SP Portal
		क्रमांक	दिनांक	
1	बल्क मिल्क कूलर से कोटा डेयरी सयंत्र तक दुग्ध परिवहन का कार्य।	KD/24-25/ F.ACCTS/ 31573-578	30.12.2024	CDF2425 A0709
2	Aluminium polystyrene laminated lids for food grade HIPS '100 gm & 200 gm Dahi cup and 100 gm Shrikhand cup duly printed in single colour as per approved design of Kota Zila Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Ltd., Kota	KD/24-25/ F.ACCTS/ 31564-571	30.12.2024	CDF2425 A0710

प्रबन्ध संचालक

विधिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा अंजली जैन पत्नी श्री अजय चौधरी के आधिपत्य एवं स्वामित्व का एक भूखंड संख्या 1-प-22 विज्ञान नगर कोटा राजस्थान में स्थित है, यह कि उक्त सम्पत्ति अंजली जैन को उनके पति अजय चौधरी से जर्ये रजि. गिफ्ट डीड दिनांक 18.12.2024 द्वारा से प्राप्त हुई थी। व अजय चौधरी को उक्त सम्पत्ति जर्ये वसीयत दिनांक 03.08.2024 से उनकी माता श्रीमती चन्द्रकान्ता चौधरी से प्राप्त हुई थी। जिसका नाम हस्तान्तरण भी राजस्थान आवासन मंडल कोटा में दिनांक 04.02.2022 को उनके नाम पर हो रहा है। यह कि उक्त सम्पत्ति वर्तमान में सृजन केपीटल लि. कोटा के अलावा अन्य में रहन/बन्धक नहीं है।

यह कि उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार द्वारा पिरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड में रहन रखकर ऋण लिया जा रहा है यह कि उक्त सम्पत्ति को रहन रखकर ऋण देने के संबंध में किसी आम व्यक्ति, बैंक या संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता को 7 दिवस के भीतर सूचित कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

दिनांक: 02.01.2025

अजय शर्मा एडवोकेट
पता-मकान नं. 1031, 1032, सुभाष नगर द्वितीय, कोटा (राज.)
मो. 7073030526, 8239229798

OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT NIPANIYA
PANCHAYAT SAMITI CHHABRA

Sr. No.ग्रा.प./2024-25/31-34 Date : 01.01.2025

Notice Inviting Bid

Bids for work are invited from interested bidders up to 13.01.2025 at 12.00 PM other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (httpp://sppp.raj.nic.in,) of tht state.

UBN NO. ZBR2425WSRC00855-69

V.D.O. Gram Panchayat Nipaniya P.S. Chhabra Baran (Raj.)

SARPANCH Gram Panchayat Nipaniya P.S. Chhabra Baran (Raj.)

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एम.बी.एस. अस्पताल का निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को एमबीएस अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने करीब दो घंटे तक अस्पताल प्रशासन, केडीए व निगम के अधिकारियों के साथ एमबीएस के नए ब्लॉक, पुरानी बिल्डिंग और जेके लोन के बाहर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। बिरला ने नए ब्लॉक के मेडिसिन आईसीयू में ऑक्सीजन लाईन और वेटिंग एरिया में एयर कंडीशनिंग नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताई।

उन्होंने अस्पताल प्रशासन को तुरन्त व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। बिरला ने अस्पताल की इमरजेंसी सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में मरीजों को बेहतर इलाज मिले, इसके लिए इमरजेंसी विभाग में न्यूरोलॉजी और कार्डियोलॉजी सेवाओं को भी जोड़ा जाए। फिलहाल इमरजेंसी में केवल मेडिसिन, सर्जरी और ऑर्थो सेवाएं उपलब्ध हैं। बिरला ने नगर निगम को अस्पताल परिसर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाकर नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए कहा। वहीं केडीए अधिकारियों को परिसर में अनुपयोगी स्थानों के लिए कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया ताकि उनका सही उपयोग हो सकें।

- 'इमरजेंसी सुविधाओं को बेहतर बनाएं, खामियों को सुधारें अस्पताल प्रशासन'

कोटा एमबीएस अस्पताल का लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने निरीक्षण किया।

उन्होंने नए आईपीडी ब्लॉक को लेकर भी चिकित्सा मंत्री से वार्ता कर जल्द ही स्टाफ की कमी का समाधान करने की बात कही।

रिनोवेशन व लैब का विस्तार होगा:- स्पीकर बिरला ने अधिकारियों को पुराने वार्डों और कॉरिडोर के रिनोवेशन, सेंट्रल लैब के विस्तार और अन्य जरूरी सुधारों के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि एमबीएस अस्पताल परिसर बड़ा है, इसलिए ओपीडी काउंटर पर ही मरीजों को संबंधित विभाग के बारे में उचित मार्गदर्शन मिलना चाहिए। इससे मरीजों को भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने स्ट्रेचर के लिए एक निर्धारित स्थान तय करने और आपातकालीन स्थिति में तुरंत व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

एमआरआई मशीन का बनाएं प्रस्ताव:- बिरला ने एमबीएस अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि अस्पताल में एमआरआई मशीन लगाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि फिलहाल एमआरआई के लिए मेडिकल कॉलेज पर भार है। यदि एमबीएस अस्पताल में यह सुविधा मिलेगी, तो मरीजों को राहत मिलेगी और उन्हें दूर नहीं जाना पड़ेगा।

विजय दिवस मनाया

कोटा, (निसं)। श्रीराम केमिकल श्रमिक संघ ने अपना 53वां विजय दिवस बृज गोपाल श्रम भवन (यूनियन कार्यालय) कंसवा में बृज गोपाल सेन श्रमिक प्रणेता को एवं श्रमिक नेता अर्जुन देव चड्ढा भावभीनी श्रद्धांजलि देकर व भगवान श्री की स्तुति करके मनाया। समारोह में सभी श्रमिक साथियों से संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने इस वर्ष 2025 में होने वाले त्रिपक्षीय वेतन समझौते के लिए संघ द्वारा दिए जाने वाले मांग पत्र को मजबूत बनाने के लिए सुझाव मांगे जो की आपसी सहमति से उसमें वेतन वृद्धि के लिए मजबूत तथ्य रख सके तथा संघ के महामंत्री चंद्र गोपाल सेन ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि श्रमिकों व प्रबंधक गाड़ी के दो पहियों के समान है, दोनों में समन्वय आवश्यक है तथा दोनों के संबंध में ही सफलता निहित है।

वर्तमान स्थिति में संघ द्वारा श्रमिकों के बच्चों के रोजगार दिलवाने के लिए प्रयासरत है तथा आगे भी प्रयास किए जाते रहेंगे। श्रीराम सीमेंट संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह ने नई श्रमिक की भारतियों को बढ़ाने के लिए जोर डाला। श्रीराम सीमेंट संघ के महामंत्री रमेश चौधरी ने संस्थान में श्रमिकों को सुरक्षा मापदंडों का पालन करने के लिए प्रेरित किया तथा संघ के वरिष्ठ नेता भूपेन्द्र राजावत ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान श्रमिक नेता व पूर्व अध्यक्ष स्व.अर्जुन देव चड्ढा को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके द्वारा किए गए सेवा कार्यों को याद किया।

जनरल नोटिस

अज अदालत जिला न्यायाधीश कोटा, जिला कोटा

बइजलास श्री सत्यनारायण व्यास, आर.एच.जे.एस. जिला न्यायाधीश, कोटा जिला कोटा

मुल्त. आवेदन क्रमांक : CM 137/2024

(1) अनीता गुप्ता पत्नी स्व. चन्द्रप्रकाश गुप्ता, आयु 53 वर्ष (2) सागर गर्ग पुत्र स्व. चन्द्रप्रकाश गुप्ता, आयु 32 वर्ष (3) शिखर गर्ग पुत्र स्व. चन्द्रप्रकाश गुप्ता, आयु 28 वर्ष, निवासीगण- ''कृष्णा-कुन्ज'' इम्मानुअल स्कूल के पास, डडवाड़ा, अर्जुनपुरा, कोटा जंक्शन, कोटा (राजस्थान) .....प्रार्थीगण

- बनाम -

(1) मण्डल रेल प्रबन्धक, पश्चिम मध्य रेल्वे, कोटा जंक्शन, कोटा (राजस्थान)
(2) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जरिये प्रबन्धक
(3) आई.सी.आई.सी.आई. बैंक जरिये प्रबन्धक, शाखा भीमगंजमण्डी, कोटा
(4) सर्व साधारण .....प्रतिपक्षीगण

प्रार्थना-पत्र बाबत् उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने बाबत अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

हरगाह आम को सूचना दी जाती है कि न्यायालय हाजा में प्रार्थीगण ने उपरोक्त शीर्षक का आवेदन पत्र पेश कर कथन किया है कि प्रार्थीगण के पति व पिता स्व. श्री चन्द्रप्रकाश गुप्ता, ''कृष्णा-कुन्ज'' इम्मानुअल स्कूल के पास, डडवाड़ा, अर्जुनपुरा, कोटा जंक्शन, कोटा (राजस्थान) के निवासी थे, जिन्होंने प्रतिपक्षी नं. 1 से कान्ट्रेक्ट प्राप्त कर काम किया था तथा उन्हें प्रतिपक्षी क्रम-1 से लगभग 4,50,000/- रुपये भुगतान प्राप्त करना था तथा प्रतिपक्षी क्रम-2 के यहां म्यूचुअल फण्ड में निवेश किया हुआ था, जिसकी यूनिट वैल्यू 164.011 व कीमत 60,835.52/- रुपये थी एवं प्रतिपक्षी क्रम-3 के यहां प्रार्थीगण के पति व पिता द्वारा संचालित फर्म मधु इलेक्ट्रिल्स का चालू खाता संचालित था, जिसमें प्रार्थीगण के पति व पिता की सम्पत्ति के दस्तावेज मोरगेज थे, इस कारण प्रार्थीगण की ओर से प्रार्थी क्रम-3 शिखर गर्ग को स्व. श्री चन्द्रप्रकाश गुप्ता का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है।

अतः आम जनता को सूचना दी जाती है कि यदि किसी भी व्यक्ति को प्रार्थी क्रम-3 शिखर गर्ग को उक्त उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने में किसी प्रकार की आपत्ति व एतराज हो तो वह व्यक्ति दिनांक 25.02.2025 को समय 10:30 बजे एएम पर न्यायालय हाजा में वकालतन व असालतन रुप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति पेश करें अन्यथा आवेदन स्वीकार कर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा। अतएव यह सूचना पत्र न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 12 माह 12 सन् 2024 को जारी किया गया।

मुद्रा

न्यायालय के आदेश से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटा (राज.)

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2024/15251 दिनांक: 2.1.25

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बलराज जुगल किशोर लाला पुत्र श्री जुगल किशोर लाल एवं श्रीमती पूजा बलराज लाला पत्नी श्री बलराज जुगल किशोर लाला निवास वेस्ट मुम्बई, महाराष्ट्र ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 171 साबरमती कोटा क्षेत्रफल 1069.50 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखंड संख्या 171 साबरमती कोटा क्षेत्रफल 1069.50 वर्गफुट का आवंटन कार्यालय नगर परिषद कोटा द्वारा आवंटन पत्र क्रमांक एफ(822)आवंटन/नगर परिषद दिनांक 07.09.1992 से श्री बजरंग लाल पुत्र श्री औंकार दास को किया गया। श्री बजरंग लाल ने उक्त भूखंड जर्ये रजिस्टर्ड बैयनामा दिनांक 11.01.1999 से श्री शंकर लाल पुत्र बसंत लाल पिसरान श्री दरिहयाना मल को विक्रय कर दिया। श्री शंकर लाल ने जर्ये रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 15.02.2007 से उक्त भूखंड में से स्वयं का हक श्री बसंत लाल पुत्र श्री दरिहयाना मल के पक्ष में त्याग दिया। श्री बसंत लाल ने जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 05.09.2013 से उक्त भूखंड श्रीमती भगवती लाल उर्फ बीना चावला पत्नी तेजूराम चावला एवं श्रीमती पूजा बलराज लाला पत्नी श्री बलराज जुगल किशोर लाल को विक्रय कर दिया। श्रीमती बीना चावला का देहावसान दिनांक 02.04.2022 को हो जाने के कारण भूखंड संख्या 171 साबरमती कोटा क्षेत्रफल 1069.50 वर्गफुट का स्वामित्व श्रीमती पूजा बलराज लाला पत्नी श्री बलराज जुगल किशोर लाल एवं श्रीमती बीना चावला के एक मात्र विधिक वारिसन भाई श्री बलराज जुगल किशोर लाला पुत्र श्री जुगल किशोर लाला द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा, विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांक: LU2012/KOT/2024-25/100854 **लोक सूचना** दिनांक: 02/01/2025

श्री GURBAJ SINGH BRAR पुत्र श्री SUKHVINDAR SINGH BRAR जाति JAT SIKH निवासी GURUNANAK KRISHI FARM, BARAN ROAD, DEVLI ARAB, KOTA श्री GURDANISH SINGH BRAR पुत्र श्री LATE AMRITPAL SINGH जाति JAT SIKH निवासी GURUNANAK KRISHI FARM, BARAN ROAD, DEVLI ARAB, KOTA श्री HARNEK SINGH BRAR पुत्र श्री AJAYAB SINGH BRAR जाति SIKH निवासी GURUNANAK KRISHI FARM, BARAN ROAD, DEVLI ARAB, KOTA श्रीमति RUBAAB BRAR पत्नी श्री SATPREET SINGH BRAR जाति JAT SIKH निवासी GURUNANAK KRISHI FARM, BARAN ROAD, INFRONT OF MAHALAXMI ENCLAVE, DEVLI ARAB, KOTA श्री SATPREET SINGH BRAR पुत्र श्री SUKHVINDER SINGH BRAR जाति JAT SIKH निवासी GURUNANAK KRISHI FARM, BARAN ROAD, DEVLI ARAB, KOTA श्री SUKHVINDER SINGH BRAR पुत्र श्री HARNEK SINGH BRAR जाति J